राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने मास्टर भँवर लाल मेघवाल के शोक संतप्त सुपुत्र को फोन कर ढाढ़स बंधाया

जयपुर, 17 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने मंगलवार को राज्य के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री रहे स्व. भंवर लाल मेघवाल के शोक संतप्त सुपुत्र श्री मनोज मेघवाल से फोन पर संवाद कर उन्हें ढाढ़स बंधाया। उन्होंने फोन पर श्री मनोज को सांत्वना देते हुए इस शोक की घड़ी में धैर्य रखने की बात कही।

श्री मिश्र ने कहा कि स्व. भंवर लाल मेघवाल राजस्थान के लोकप्रिय राजनेता थे। वंचित वर्ग के कल्याण के लिए भी समर्पित थे। उनका बिछोह अपूरणीय क्षति है।

———